# जिस माँ ने तुमको जनम दिया दिल उसका दुखाना ना चाहिए

जिस माँ ने तुमको जनम दिया,
दिल उसका दुखाना ना चाहिए,
अपनी माता के दामन में,
कभी दाग लगाना ना चाहिए,
जिस माँ नें तूमको जनम दिया,
दिल उसका दुखाना ना चाहिए।bd।

तर्ज – जिस भजन में राम।

---

नौ महीने गर्भ में जिसने रखा,
उस माँ को भुलाना ना चाहिए,
अपनी माँ को वृद्ध आश्रम में,
हमें छोड़ के आना ना चाहिए,
जिस माँ नें तूमको जनम दिया,
दिल उसका दुखाना ना चाहिए।bd।

---

जिस माँ ने दु:ख पिलाया है,
उसे भूखा सुलाना ना चाहिए,
इश्वर के जैसी माँ होती,
उसे कभी सताना ना चाहिए,
जिस माँ नें तूमको जनम दिया,
दिल उसका दुखाना ना चाहिए।bd।

---

जिस आँख में ममता बहती है,
उस माँ को रुलाना ना चाहिए,
अपने बच्चो से गैरो सा,
व्यवहार कराना ना चाहिए,
जिस माँ नें तूमको जनम दिया,
दिल उसका दुखाना ना चाहिए।bd।

---

माँ जैसा जग में कोई नहीं,
उसको तडपाना ना चाहिए,
किसी बात पे माँ गर डांट भी दे,
उसे दिल पे लगाना ना चाहिए,
जिस माँ नें तूमको जनम दिया,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

जिस माँ ने तुमको जनम दिया,
दिल उसका दुखाना ना चाहिए,
अपनी माता के दामन में,
कभी दाग लगाना ना चाहिए,
जिस माँ नें तूमको जनम दिया,
दिल उसका दुखाना ना चाहिए।bd।

---

[एप्प में इस भजन को कृपया यहाँ देखे ?]

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com